मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-247
13/06/2022

मुख्यमंत्री ने पटना जिला अंतर्गत बख्तियारपुर एवं अथमलगोला प्रखंड के घोसवरी घाट ठाकुरबाड़ी, सीढ़ी घाट, मुक्तिधाम घाट होते हुए रामनगर घाट तक पुरानी एवं मृतप्राय गंगा नदी की उपधारा (चैनल) को पुनर्जीवित एवं पुनर्स्थापित करने की योजना का किया शुभारंभ

पटना, 13 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिला अंतर्गत बख्तियारपुर एवं अथमलगोला प्रखंड के घोसवरी घाट ठाकुरबाड़ी, सीढ़ी घाट, मुक्तिधाम घाट होते हुए रामनगर घाट तक पुरानी एवं मृतप्राय गंगा नदी की उपधारा (चैनल) को पुनर्जीवित एवं पुनर्स्थापित करने की योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर घोसवारी घाट पर मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना की एवं गंगा नदी की मुख्य धारा एवं चैनल के बीच बने बांध की मिट्टी को कुदाल से हटाकर मां गंगा की कलकल धारा को चैनल में प्रवाहित कराया। इस शुभ अवसर पर घोसवरी घाट पर गंगा आरती का आयोजन भी किया गया। घोसवरी घाट पर गंगा नदी की मुख्यधारा से नवनिर्मित चैनल में गंगा जल प्रवाहित होते ही मुख्यमंत्री ने ताली बजाकर प्रसन्नता व्यक्त की एवं मां गंगा को नमन किया। इस चैनल के फंक्शनल होने से बख्तियारपुर के लोगों को पूरे वर्ष गंगा तटों पर गंगाजल की उपलब्धता हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने गंगा नदी की पुरानी उपधारा के चंपापुर घोसवरी घाट से रामनगर घाट तक के पुनर्स्थापन एवं सक्रियण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी ली एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घोसवरी घाट के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सीढ़ी घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गंगा नदी की मुख्यधारा से सीढ़ी घाट तक सुगमतापूर्वक आवागमन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीढ़ी घाट के पास ही हमलोग बचपन में गंगा नदी में स्नान करने आते थे। मुझे अपने जन्म स्थान पर आकर प्रसन्नता होती है।

मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के विशेष योजना के तहत पटना जिलांतर्गत बख्तियारपुर प्रखंड में प्रस्तावित मुक्तिधाम का निर्माण कार्य–सह पहुँच पथ के निर्माण कार्य का जायजा लिया। रानीसराय में गंगा तट पर प्रस्तावित मुक्तिधाम के निर्माण कार्य–सह–पहुँच पथ का स्थलीय निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पूरी जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने शीलभद्र याजी स्मृति भवन जाकर स्वतंत्रता सेनानी स्व० शीलभद्र याजी जी एवं उनकी पत्नी स्व० बालकेश्वरी याजी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय, बख्तियारपुर परिसर में स्थापित शहीद मोगल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मुख्यमंत्री ने अपनी श्रद्धांजलि दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बख्तियारपुर में स्थापित स्व0 शीलभद्र याजी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के डाकबंगला परिसर के गृह वाटिका में

स्थापित स्वतंत्रता सेनानी स्व० कविराज रामलखन सिंह की आदमकद प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद नाथुन सिंह यादव पार्क जाकर स्वतंत्रता सेनानी नाथुन सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री गणेश उच्च विद्यालय बख्तियारपुर परिसर में स्वतंत्रता सेनानी स्व० डूमर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव जल संसाधन श्री संजय अग्रवाल, प्रमंडलीय आयुक्त श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अभियंतागण एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

****